सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

<u>प्रेस नोट</u>

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने दिनांक 31.10.2022 से 06.11.2022 तक मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उदघाटन मुंबई स्थित अपने केन्द्रीय कार्यालय में किया. इस सप्ताह की शुरुआत सभी कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा की शपथ लेने के साथ की, यह शपथ श्री एम.वी. राव, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा बैंक के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री सुनील अरोड़ा द्वारा दिलाई गयी.

श्री सुनील अरोड़ा, मुख्य सतर्कता अधिकारी ने उद्घाटन समारोह के दौरान उपस्थित अधिकारियों का स्वागत किया और 16 अगस्त, 2022 से शुरू हुए और 15 नवंबर को समाप्त होने वाले सतर्कता जागरूकता -2022 के कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा बैंक द्वारा देश भर में की गई कई आउटरीच गतिविधियों सहित विभिन्न पहलों को साझा किया. इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का थीम **भ्रष्टाचार मुक्त भारत – विकसित भारत** है.

श्री एम.वी. राव, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने फील्ड स्तर पर कर्मचारियों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और जानकारी दी कि अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता में स्टाफ सदस्यों के बच्चों की सक्रिय भागीदारी से भ्रष्टाचार और जनता के बीच भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के खिलाफ जागरूकता पैदा हुई. उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि व्यक्ति को अपने आचरण में ईमानदार होना चाहिए जोकि दूसरों को सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी का अभ्यास करने के लिए प्रेरित करेगा.

फोटो वर्णन : मंच पर मौजूद गणमान्य व्यक्तियों के नाम दाएं से बाएं क्रम में इस प्रकार हैं:

श्री सुनील अरोड़ा, मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री राजीव पुरी, कार्यपालक निदेशक, श्री एम.वी. राव, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री आलोक श्रीवास्तव, कार्यपालक निदेशक और श्री विवेक वाही, कार्यपालक निदेशक.

xxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxx